हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का पहला "20 बिस्तरों का आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल"

भव्य शुभारंभ




दिनांक: 13 नवम्बर 2024, बुधवार | समय: सुबह 11 बजे

मुख्य अतिथि

मा. श्री विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अध्यक्षता

मा. श्री अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

विशिष्ट अतिथि
- मा. श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी (स्वास्थ्य मंत्री)
- मा. श्री राजेश मूणत जी (विधायक)
- मा. श्री मोतीलाल साहू जी (विधायक)
- मा. श्री संदीप साहू जी (विधायक)
- मा. श्री भूलन सिंह मरावी जी (विधायक)
- मा. श्री इंद्र कुमार साहू जी (विधायक)
- मा. श्री टहल सिंह साहू जी (प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज)


Dr. Abhimanyu Sahu
B.A.M.S. Pain Consultant (Bengaluru), Agnikarma Specialist (Bengaluru)
Chiropractor (Bengaluru), Pancha karma Specialist (Kerala)
Dorn Specialist (Germany), 7 Years of Experience | Reg. No. 03858A

उपलब्ध सेवाएं
पेन | पंचकर्म | पाईल्स | बाल्य चिकित्सा
स्त्री रोग | स्किन | फिजियोथेरेपी | ओ.टी.
डीलक्स रूम | प्राइवेट रूम | मेडिकल | पैथ लैब

स्वागोत्सुक: किशोरी लाल साहू | अशोक साहू | विनय गाँधी

हॉस्पिटल की लोकेशन हेतु स्कैन करें

95224-66664, 62622-22003
सेक्टर - 7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.)

### कृषि उपज मंडी कुरुद में धान की मुहूर्त नीलामी, अधिकतम मूल्य 2701 रुपये के साथ खरीदा गया 11 हजार से अधिक कट्टा धान

# दीपावली अवकाश के बाद व्यापारियों ने की खरीफ सीजन वर्ष की पहली खरीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद कृषि उपज मंडी में 11 नवंबर को धान के अधिकतम मूल्य 2701 रु. के साथ व्यापारियों ने मुहूर्त सौदे के साथ धान की नीलामी में भाग लिया। किसानों और हमालों ने मंडी में पूजा-अर्चना कर नारियल और मिठाई का प्रसाद वितरण किया। इसके बाद मुहूर्त नीलामी का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मंडी मुहूर्त के दिन 11265 कट्टा धान मंडी में बिक्री के लिए पहुंचा और 2300 से 2700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी हुई।

कृषि उपज मंडी कुरूद में दीपावली के शुभ मुहूर्त में व्यापारियों द्वारा धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष की धान खरीदी का शुभारंभ पुरानी कृषि उपज मंडी में स्थापित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात नई कृषि उपज मंडी जाकर किसानों द्वारा लाये गए धान की बोली लगाई गई। किसानों द्वारा 11265 कट्टा धान मंडी में बिक्री हेतु लगाया गया। सोमवार को सरना नया 2101 से 2306 रूपये, आई आर 64 नया 2141 से 2396 रू, 1010 नया 2100 से 2409 रू, महामाया नया 2281 से 2669 रू. आर बी गोल्ड नया 2390 से 2521 रु., सांभा नया 2300 से 2569 रू, ओम श्री नया 2400 से 2700 रूपये एवं खदुवन 1300 से 1800 रूपये तक बिका। मौके पर मुरारी महावर, राजेंद्र शर्मा, राजेश अग्रवाल, मोहन अग्रवालश्याम बाजपेई, विरेंद्र चंद्राकर, लालू शर्मा, सचिन महावर, राइस मिलर अनिल चंद्राकर, अरुण केला, योगेश अग्रवाल, अजय केला , विनोद राठी, मंडी के सरोज देवांगन, पन्नालाल सिन्हा, बालाराम चंद्राकर, तेनुराम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में किसान और मंडी हमाल -रेजा मौजूद थे।

**पहले ही दिन 11 हजार से अधिक धान कट्टा**

दीपावली अवकाश के बाद शुभ मुहूर्त में किसानों और व्यापारियों द्वारा धान खरीदी प्रारंभ की गई है। कुरूद मंडी में पहले दिन ही 11 हजार से अधिक धान कट्टा की आवक हुई है। खरीदी की अधिकतम बोली 2700 तक पहुंची।

- राजू रात्रे,
*सचिव कृषि उपज मंडी कुरूद*

# 10 लोगों में दिखे मोतियाबिंद के लक्षण

- सिरसिदा में लगा विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर 769 लोगों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगरी विकासखंड के सिरसिदा में ग्रामीण साहू समाज के युवा कर्मा सेना द्वारा आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि ऋषिकेश साहू ग्रामीण साहू समाज सिरसिदा, विशेष अतिथि अवनेंद्र साहू अध्यक्ष जिला साहू समाज धमतरी, कंवलराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, बलदेवराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज सिरसिदा, दिशा ध्रुव सरपंच सिरसिदा, तेजनाथ साहू ग्राम पटेल, प्रेमलता नागवंशी, भुनेश्वर प्रसाद साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, लखनलाल साहू सेवानिवृत्त प्राचार्य, दिनेश साहू, भवानी सिह ध्रुव, टेश्वरसिंह ध्रुव, मीना तिवारी पंच, चित्ररेखा साहू, विमला साहू डिलेश्वरी साहू, उषा जांगड़े, संतोषी जांगड़े पूर्व जनपद सदस्य थे।

स्वास्थ्य मेला में आयुर्वेद के 450, होम्योपैथी 150 तथा 70 लोगों ने नेत्र परीक्षण करवाया जिसमें से 10 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण दिखाई दिये। उपचार हेतु परामर्श स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दिया। डा एसके चंद्राकर जिला आयुष अधिकारी एवं डॉ जीडी साहू आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए आहार व दैनिक दिनचर्या में विशेष ध्यान देना होगा।

स्वास्थ्य मेला में श्री वर्मा, विवेक साहू, डा नेहा चौधरी, आशीष साहू, तुलाराम साहू, विनोद नंद, एमपी चन्द्राकर, श्रवण चौहान, प्रकाश, त्रिनाथ नेताम, रमेश नवरत्न, सुरेश तारम, भागेलाल, संतोषी मानिकपुरी, भूपेंद्र कुमार, सुशीला समेत ग्रामीण साहू समाज व कर्मा सेना सिरसिदा के युवाओं का योगदान रहा।



# छात्राओं ने किया गिरौदपुरी धाम चन्द्रहासिनी का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



शासकीय उमावि आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर दुगली की कक्षा की 12 वीं की छात्राओं ने गिरौदपुरी धाम, चन्द्रहासिनी, शिवरीनारायण एवं सिरपुर लक्ष्मण मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्राचार्य मीनाक्षी रामटेके, पूर्णिमा सोम, देवानंद साहू, सुनीता ध्रुव, चंद्रप्रकाश साहू, रुपमती पटेल, कान्ति बघेल, जुग्गु मण्डावी, नर्मदा ध्रुव, कामिनी नेताम, जितेन्दरी मरकाम, करुणा यादव के दिशा-निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं को इस यात्रा से छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानने व समझने का मौका मिला।

# डाभा में आरएसएस ने मनाया दिवाली मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने ग्राम डाभा में दिवाली मिलन समारोह मनाया। मौके पर गांव के विद्यार्थियों द्वारा खेलकूद, दीप प्रज्ज्वलन, पटाखे फोड़ना, विविध आयोजन किए गए।

मुख्य वक्ता संघ के कामता प्रसाद जिला बौद्धिक प्रमुख धमतरी थे। मुख्य अतिथि डॉ. सुशीला साहू, चिरायु सिन्हा फाइन आर्ट कुरुद थे। डॉ सुशीला साहू ने सामाजिक समरसता एवं अहिल्याबाई होल्कर की जीवन गाथा का वर्णन किया। चिरायु सिन्हा ने बताया कि कला के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। मुख्य वक्ता कामता प्रसाद ने संघ की शाखा पद्धति से व्यक्तित्व विकास, राष्ट्र विकास,पांच परिवर्तन-सामाजिक समरसता, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य बोध, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण के प्रति हमारे कर्तव्य को बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# डॉ. माधुरी को मिला कादंबरी सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील साहित्यिक संस्था कादंबरी द्वारा आयोजित होने वाले साहित्य सम्मान समारोह में नगर पंचायत भखारा की डॉ माधुरी डड़सेना शिक्षिका को उनके संपूर्ण सवैया संग्रह माधुरी मार्तण्ड के लिए स्वर्गीय आशुतोष तिवारी सम्मान से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 9 नवंबर को जबलपुर के शहीद स्मारक सभागार गोल चौक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 118 विभिन्न प्रांतों से आये हुए विभिन्न विधाओं पर साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। माधुरी मार्तंड में नए प्रस्तारित 1165 प्रकार के नए सवैया विधान पर लिखित इस छंद ग्रंथ के लिए डॉ माधुरी डड़सेना मुदिता शिक्षिका को कादंबरी सम्मान से सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलाधिपति डॉक्टर संतोष चौबे भोपाल थे। अध्यक्षता डॉक्टर कैलाश गुप्ता समाजसेवी विचारक उद्योगपति, मंगल आशीष महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंदगिरि महाराज की शिष्या मां साध्वी विभानंदगिरि प्रज्ञा पीठाधीश्वर प्रज्ञाधाम नई दिल्ली ने की। इस दौरान कादंबरी संस्था के संस्थापक भगवत दुबे, महासचिव राजेश पाठक भी उपस्थित थे। डॉ माधुरी को सम्मान मिलने पर भवानी शंकर कुमावत, रामकृष्ण साहू, कमेलश्वर कुमार पटेल, सिद्धेश्वरी सराफ, उमा मिश्रा, आशा निर्मल जैन, ज्योति मिश्रा, अर्चना द्विवेदी समेत बिलासा छंद महालय परिवार व नगर के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष जताया है।

## उमरगांव में आज होगी डांस स्पर्धा

**नगरी।** ग्राम उमरगांव के नवीन बाल मंडली रंगमंच स्कूलपारा में 13 नवंबर को नव युवा समिति के तत्वावधान में डांस प्रतियोगिता का आयोजन रात्रि 8 बजे से किया गया है। सामूहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 200 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 10000, द्वितीय 5000, तृतीय 3000 तथा चतुर्थ पुरस्कार 1000 रूपये दिया जायेगा। युगल नृत्य में प्रवेश शुल्क 150 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 4000, द्वितीय 2000, तृतीय 1000 तथा चतुर्थ पुरस्कार 500 रूपये है। एकल नृत्य प्रवेश में शुल्क 100 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय 1500, तृतीय 700 तथा चतुर्थ पुरस्कार 500 रूपये दिया जायेगा। स्पर्धा की तैयारी में अध्यक्ष राजू सिन्हा, उपाध्यक्ष जनक कुमार, कमलेश कश्यप, कोषाध्यक्ष शुभम ध्रुव, सचिव हितु धुव, संयुक्त सचिव दीपांशु मानिकपुरी, मिथिलेश ध्रुव जुटे हैं। इसी दिन वासकोट विश्रामपुरी में भी डांस प्रतियोगिता रखी गई है।

# मगरलोड तहसील राजस्व ग्राम पटेल संघ का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

राजस्व ग्राम पटेल संघ मगरलोड तहसील की बैठक मगरलोड में रखी गई। इस दौरान मगरलोड तहसील राजस्व ग्राम पटेल संघ के नए पदाधिकारियों का गठन किया गया। बैठक में आए सभी ग्राम पटेल द्वारा ग्राम परसवानी निवासी रेखनारायण साहू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, देवराज सोनवानी, ठाकुर साहू को उपाध्यक्ष, घनश्याम साहू को सचिव, कोमल साहू को सहसचिव, हुलाश साहू को कोषाध्यक्ष, नरोत्तम यदु व टानिक राम को संरक्षक, बुधराम साहू, मनराखन, बृजलाल को सलाहकार, केवल निषाद, कीर्तन यादव, तुलसी राम को संगठन मंत्री, टेकराम पटेल को कार्य प्रभारी, पुरुषोत्तम को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष राम प्रसाद साहू, प्रदेश सचिव बलराम साहू, कुरूद तहसील अध्यक्ष नारायण साहू सहित ग्राम पटेल उपस्थित थे।

# आकाश की जीत के लिए घर-घर पहुंच रहीं विधायक अंबिका

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विधायक अंबिका मरकाम ने रायपुर दक्षिण में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में प्रचार-प्रसार किया।

ज्ञात हो कि विधायक मरकाम को महामाया वार्ड का प्रभारी बनाया गया है। वह ओंकार साहू विधायक धमतरी, नीशु चंद्राकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष के साथ सिहावा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व कांग्रेसी नेताओं के साथ आकाश शर्मा को उपचुनाव में जीत दिलाने धुआंधार प्रचार कर रही हैं।

इस दौरान विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि इस बार रायपुर दक्षिण की जनता युवा नेता चुनेगी। जनता के बीच रहकर रायपुर दक्षिण के विकास की बात करे और उनके सुख-दुख की सहभागिता बने ऐसा नेता को रायपुर दक्षिण की जनता चुनकर जब विधानसभा भेजेगी तो निश्चित तौर पर क्षेत्र का विकास संभव है। आगे बताया कि आकाश के लिए हम सबको भरपूर प्यार और सपोर्ट मिल रहा है। 13 नवम्बर को जनता जवाब देगी।



## अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर व्याख्यानमाला




हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सरस्वती शिशु मंदिर नगरी में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जन्म जयंती पर आयोजन समिति खंड के तत्वावधान में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। स्वागत पश्चात सुषमा आडिल, अमिता दुबे ,जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, श्री देवांगन ने होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डाला। युवा कवि ने भारत माता एवं राष्ट्र प्रेम से संबंधित कविताओं से मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर महेंद्र नेताम, परमेश्वर साहू, रूपेंद्र साहू, जयंत साहू, सचिव तुलसीराम साहू, प्रधानचार्य प्रफुल्ल साहू, आचार्य पिप्लाद साहू, भागीराम साहू समेत स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# महावीर वार्ड में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी के महावीर वार्ड क्रमांक 11 की बीजेपी समर्पित पार्षद पूनम छाबड़ा अपने वार्ड में विकास कार्यों को गति दे रही हैं। योगेश देवांगन के घर से साहू होटल तक पाथवे निर्माण कार्य का भूमिपूजन भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, सभापति सुनील निर्मलकर, भूपेंद्र साहू, अश्वनी निषाद, रूपेंद्र साहू, नरेंद्र नाग, गोलू नेताम, हीरा देवांगन, प्रकाश देवांगन, कुलदीप देवांगन, यश संचेती, नगर पुरोहित ठाकुरी धर शर्मा, बलजीत छाबड़ा ने किया।



इस अवसर पर पूनम छाबड़ा ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व आवागमन जैसे क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ काम कराया गया है। बिना कोई भेदभाव के कार्य किया गया है। विगत 5 वर्ष में वार्ड में लगभग एक करोड़ 20 लाख रुपए के विकास कार्य करवाए हैं। सामुदायिक भवन, सोसाइटी भवन, बीटी सड़क, सीसी रोड नाली निर्माण, पौनी पसारी दैनिक बाजार व पार्षद निधि से मिली राशि से वार्ड में विकास कार्यों को गति दी है।

### सिलौटी कालेज में रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती पर हुई विविध प्रतियोगिता

# देश की आजादी में जनजातीय नायकों की रही भूमिका महत्वपूर्ण : मुर्मू

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

बाबू पंढरीराव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी में रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत से छात्र-छात्राओं को परिचित कराने व्याख्यान एवं विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एनआईटी रायपुर के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की सहायक प्राध्यापक डॉ. मीना मुर्मू तथा विशिष्ट अतिथि शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान प्राप्तकर्ता समाजसेवक सैन कुमार मंडावी थे। विशेष अतिथि भीमदेव साहू अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति, केवल सिंह नेताम सदस्य जनभागीदारी समिति, चोवाराम साहू सरपंच कोर्रा एवं रामचंद्र लौंधे थे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना कमाने ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. मीना मुर्मू ने जनजाति समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ. मुर्मू ने बताया कि अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आदिवासी नायकों ने संघर्ष किया। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आजादी तक अंग्रेजों के खिलाफ लगातार जनजातीय जननायकों ने संघर्षों का दौर जारी रखा। देश की आजादी में जनजातीय नायकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



सैन कुमार मंडावी ने कहा कि जनजातीय समुदाय की संस्कृति, परंपरा एवं कला वास्तव में प्रकृति को ही समर्पित है। जनजातीय नायकों द्वारा किए गए संघर्षों एवं उनके योगदान को आज भी लोकगीतों एवं आंचलिक कथाओं में सुना जा सकता है। इस अवसर पर जनजातीय कला एवं संस्कृति से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को परिचित कराने के लिए चित्रकला, निबंध, रंगोली, प्रदर्शनी, गीत, नृत्य, फैंसी ड्रेस एवं अभिनय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम के संयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ.अश्वनी कुमार ध्रुव एवं सह-संयोजक श्रीमती भावना दीवान रहीं। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक श्रीमती भारती मंडावी एवं डॉ. शिवेन्द्र बहादुर ने किया।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक भरत लाल यादव, ओमप्रकाश साहू, हितेश कुमार नेताम, त्रिभुवन साहू, डॉ. दानेश्वर कुमार वर्मा, डॉ. संदीप कुमार साहू, पवन कुमार साकेत एवं बी. पद्मराज क्यूट तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रायोगिक परीक्षा 28 से

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय के बीए, बीएससी प्रथम सेमेस्टर के स्वाध्यायी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 28 नवम्बर से 16 दिसम्बर के मध्य संभावित है।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

10 शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा पास...

12 गन्ने का मंडप सजाकर तुलसी व शालिग्राम का रचाया विवाह





## खबर संक्षेप

### बेलरगांव में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**धमतरी।** आमजनों की समस्या, मांग और शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 नवम्बर को नगरी विकासखण्ड के ग्राम बेलरगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने उक्त शिविर में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

### अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह कल से

धमतरी। जिला सहकारी संघ धमतरी द्वारा 14 से 20 नवंबर तक 71 वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का आयोजन किया गया है। प्रत्येक दिवस पृथक-पृथक तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण, गोष्ठी पैक्स कुहकुहा, रामपुर, बेलरगांव, कुर्रा, भखारा, बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी तथा सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय नगरी के परिसर में आयोजित किया जा रहा है। तकनीकी विषय विशेषज्ञ व मुख्य वक्ता पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर एएन दीक्षित होंगे। यह जानकारी संघ के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू ने दी है।

### कोर्रा में आज रुद्र महाभिषेक एवं महायज्ञ

**धमतरी।** ओबीसी संयोजन समिति एवं ग्राम इकाई कोर्रा के तत्वावधान में 13 नवंबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक खेल मैदान परिसर कोर्रा में रुद्र महाभिषेक एवं महायज्ञ का आयोजन किया गया है। अधिवक्ता शत्रुघन साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम नई फसल के आगमन व किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए किया गया है। यजमानों को अभिमंत्रित रुद्राक्ष भेंट किया जाएगा। आयोजक टीम के प्रमुख यशवंत साहू ने ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 को

**धमतरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया। जिले में यह कार्यक्रम 15 नवम्बर से शुरू होगा। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य ग्रामों तथा जनजातीय परिवारों के लिए विभिन्न योजनाओं पक्का घर, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य की सुविधाओं का विस्तार कर जनजातीय समुदायों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार लाकर जनजातीय ग्रामों का समग्र विकास करना है।

### शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षण 16 से

**धमतरी।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक के 1484 पदों पर सीधी भर्ती हेतु वर्ष 2023-24 में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। राज्य में कुल 17 नोडल वनमण्डलों (रायपुर, महासमुंद धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, कवर्धा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, जशपुर, कोरिया, कांकेर, कोण्डागांव, जगदलपुर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर) में 16 नवम्बर से शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षण प्रारंभ होगा।

काम पर लौटे सहकारी कर्मचारी, कल से शुरू होगी धान की खरीदी

# किसानों की चिंता हुई दूर : खरीदी के लिए केंद्र रेडी, हड़ताल भी समाप्त




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान खरीदी को लेकर उपजे संशय की स्थिति समाप्त हो गई है। समितियों में हड़ताल के दौरान भी तैयारी चलती रही। अब हड़ताल समाप्त होने के बाद सभी कर्मचारी काम पर लौट गए हैं। बची खुची तैयारी आज पूरी करेंगे। इसके बाद 14 नवंबर से खरीदी शुरू हो जाएगी। इस दिन के लिए सभी खरीदी केंद्रों में भरपूर टोकन कटा है। ऐसे में पहले दिन ही खरीदी केंद्रों में गहमागहमी की स्थिति रहने का अनुमान है।

धान खरीदी शुरू होने से पहले ही जिले की सभी 74 सहकारी साख समितियों के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए थे। शासन-प्रशासन से आश्वासन मिलने के बाद मंगलवार को दोपहर करीब 2.30 बजे उनका आंदोलन समाप्त हो गया। अब कर्मचारी काम पर लौट गए हैं। राहत की बात है कि हड़ताल में रहते हुए भी कर्मचारी धान की खरीदी की तैयारी में जुटे थे, जिसके चलते खरीदी केंद्रों में तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। जिले में कुल 100 खरीदी केंद्र हैं जहां पर बारदाने पहुंच चुके हैं। कुछ केंद्र को छोड़कर बाकी में धान खरीदी के फड़ तैयार हो चुके हैं। लाइटिंग की व्यवस्था, हमालों का टेंडर, तराजू बाट का सत्यापन, मास्चर मशीन का सत्यापन आदि काम हो चुका है। कुछ काम बाकी है जिसे आज पूरा किया जाएगा। 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि पहले दिन की खरीदी के लिए अधिकांश खरीदी केंद्रों में टोकन फुल है। ऐसे में पूरी क्षमता के साथ केंद्रों में धान की खरीदी होने की उम्मीद है।

### इसलिए निश्चिंत हैं किसान

समिति के कर्मचारी हड़ताल पर थे, लेकिन उन्हें मालूम था कि धान की खरीदी उन्हें ही करनी है। इसलिए हड़ताल के बावजूद खरीदी केंद्रों में व्यवस्था जुटाने में वे लगे रहे। यही कारण है कि अधिकांश खरीदी केंद्रों में तैयारी लगभग कम्पलीट है। किसान भी तैयारी को देखते हुए खरीदी को लेकर निश्चिंत हैं। तरसीवां खरीदी केंद्र में खरीदी के लिए सभी तैयारी हो चुकी है। यहां पर फड़ तैयार है। प्रकाश की व्यवस्था, चौकीदार, हमाल की व्यवस्था हो चुकी है। देमार खरीदी केंद्र में मंगलवार को प्रकाश के लिए बल्ब लगाने का काम पूरा हुआ। यहां पर भी फड़ तैयार है। कुरमातराई में काम बाकी है। यहां पर रास्ते में मुरूम तो बिछाई गई है, लेकिन कंप्रेश नहीं किया गया है। फड़ की लिपाई भी बाकी है। लाइटिंग आदि का काम बाकी है, जिसे बुधवार को पूरा कर लिए जाएगा।

### किसानों को बेसब्री से इंतजार

धान खरीदी शुरू होने का किसान बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खपरी के किसान गिरधर साहू, खिलावन साहू, खेमराज सिन्हा, भानपुरी के किसान गेमलाल साहू, प्रताप साहू आदि ने बताया कि दिवाली से पहले ही धान की कटाई मिंजाई शुरू हो चुकी थी। अब अंचल में 50 प्रतिशत से ज्यादा फसल की कटाई मिंजाई हो चुकी है। किसान बेसब्री से धान खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। ऑनलाइन टोकन में सिर्फ एक सप्ताह के लिए आप्शन है। इस सप्ताह का टोकन कट चुका है। ऐसे में किसानों को टोकन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

### मिला आश्वासन, हड़ताल समाप्त

समिति कर्मचारियों की 6 वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि की मांग को पूरा किया गया है। कर्मचारियों के वेतन में 25 प्रतिशत वृद्धि की गई है। इसके साथ ही अन्य 2 मांगों के संबंध में शासन स्तर पर अंतर्विभागीय समिति का गठन कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। मुख्यमंत्री से आश्वासन मिलने और सहकारिता विभाग की सकारात्मक पहल के बाद कर्मचारियों ने आंदोलन समाप्त कर दिया है।

# धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने वाले नोडल अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : नम्रता

- कलेक्टर की अध्यक्षता में नियुक्त नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश सहित जिले में 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। इसके लिए स्थानीय विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित नगरनिगम धमतरी के सामुदायिक भवन में धान खरीदी के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में जिले के 100 धान उपार्जन केन्द्रों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण संयुक्त कलेक्टर प्रीति दुर्गम द्वारा पीपीटी के जरिए नोडल अधिकारियों को दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, सहकारिता विभाग, मंडी, नापतौल एवं खाद्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर नम्रता गांधी ने प्रशिक्षण में धान की रिसाइक्लिंग तथा अवैध धान खरीदी, बिक्री, परिवहन, भण्डारण पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिये। मंडी अधिनियम के तहत कोचियों बिचौलियों के विरूद्ध सख्त कार्रपाई करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का समतलीकरण, साफ सफाई, फेंसिंग, विद्युत व्यवस्था, कंप्यूटर सेट, जनरेटर, यूपीएस इंटरनेट, सीसी टीवी कैमरा, आर्द्रतामापी यंत्र, नाप तौल के लिए पर्याप्त कांटा-बांट, बारदाना सुतली, हमाल की उपलब्धता, तारपोलिन, चबूतरा, ड्रेनेज, टोकन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों से धान की आवक पर विशेष निगाह रखने कहा।

किसानों को भुगतान जिला सहकारी बैंक द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में किया जाएगा, अन्य किसी के खाते में अंतरण नहीं किया जाएगा। संयुक्त खाते की स्थिति में परिवार के सदस्य के खाते में भुगतान होगा। कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कैश मैनेजमेंट के संबंध में पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। लापरवाही बरतने पर नोडल अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रशिक्षण में बताया गया कि जिले के 1 लाख 27 हजार 596 पंजीकृत किसानों से 1 लाख 27 हजार 595.06 रकबा का अनुमानित 6 लाख 74 हजार 312 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी। इसके लिए जिले में 100 धान उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें धमतरी विकासखण्ड में 26, कुरूद में 33, मगरलोड में 18 और नगरी विकासखण्ड में 23 धान उपार्जन केन्द्र शामिल हैं। इसके अलावा जिले में चार संग्रहण केन्द्रों की व्यवस्था की गई हैं, इनमें चिटौद, भाठागांव(कुरूद), भोयना और जंवरगांव शामिल है।

# सड़क किनारे खड़े तीन युवकों को कार ने मारी टक्कर, गंभीर

- ग्राम बागतराई की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सड़क किनारे बाइक खड़ी कर बातचीत कर रहे तीन युवकों को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। इस घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम बागतराई निवासी गोपेश्वर साहू बीते दिनों गांव में स्थित कृषि दवाई दुकान के पास मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एई 2216 को सड़क किनारे खड़ी कर अपने दो साथियों के साथ बात कर रहा था। इसी दौरान ग्राम कोर्रा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 07 एसी 0009 के चालक ने गलत साइड में जाकर सड़क किनारे खड़े बाइक सहित युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। कार की ठोकर से गोपेश्वर साहू के दाहिने पैर, हाथ, पेट एवं अन्य जगह गंभीर चोट लगी है। वहीं उसके साथी टोकेश व दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गये। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद तीनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से निजी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने गंभीर रूप से घायल गोपेश्वर व टोकेश को उपचार के लिये रायपुर रिफर कर दिया। दिनेश का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल गोपेश्वर के दादा लखनलाल साहू ने सोमवार को भखारा थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 125-ए, 281 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# गैरेज के सामने खड़े वाहनों को हटवाया

- यातायात पुलिस ने गैरेज संचालकों को सड़क पर वाहन नहीं रखने की दी समझाइश




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुगम यातायात के लिए यातायात पुलिस ने नेशनल हाईवे में गैरेज के सामने खड़े वाहनों को हटवाकर गैरेज संचालको को समझाइश दी है।

बाधारहित व सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने एसपी आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा यातायात पुलिस को निर्देशित किया। यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा के नेतृत्व में ट्रेफिक स्टाफ द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व बाधारहित आवागमन के लिए नेशनल हाईवे में पैदल पेट्रोलिंग कर गैरेज संचालकों को समझाइश दी गई।

जज्ञात हो कि रत्नाबांधा चौक से अंबेडकर चौक तक स्थित गैरेज के संचालक मरम्मत के लिए आने वाले वाहनों को मार्ग में खड़ा कर देते हैं जिससे मार्ग बाधित होने के साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने नेशनल हाईवे की पैदल पेट्रोलिंग कर गैरेज के सामने खड़े वाहनों को हटवाकर गैरेज संचालकों को समझाइश दी। संचालकों को वाहन गैरज के भीतर रखने, गैरेज के बाहर सड़क किनारे वाहन खड़ा नहीं करने निर्देशित किया। इस दौरान नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने गैरेज संचालकों को मरम्मत के लिए आने वाले वाहनों को मार्ग से हटाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा करने का निर्देश दिया। निर्देशों का पालन नहीं किए जाने पर उचित कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# वन विभाग ने कुएं में गिरे भालू का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



केरेगांव वन परिक्षेत्र के ग्राम सियारीनाला में एक व्यस्क भालू का वन विभाग ने कुशलतापूर्वक रेस्क्यू किया है।

संयुक्त वनमंडलाधिकारी मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि वन परिक्षेत्र केरेगांव के सर्किल बनरौद बीट दक्षिण माड़मसिल्ली के ग्राम सियारीनाला में 9-10 नवंबर की रात सोमनाथ मंडावी की बाड़ी स्थित कुएं में एक व्यस्क भालू गिर गया था। 10 नवंबर को सुबह वन विभाग को इसकी सूचना प्राप्त हुई। वन मंडलाधिकारी एवं संयुक्त वन मंडलाधिकारी धमतरी के मार्गदर्शन में तत्काल वन अमला मौके पर पहुंचा और कुएं में गिरे भालू का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया और भालू को जंगल में छोड़ा।



राजस्व सर्वेक्षण में भारी त्रुटि, जमीन को लेकर आपस में लड़ रहे किसान

# गौरव ग्राम चंद्रसूर बन रहा विवादित गांव



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गौरव ग्राम की पहचान रखने वाला मगरलोड ब्लॉक का गांव चंद्रसूर अब विवादित ग्राम बनने लगा है। ऐसा इसलिए हो रहा है कि पूर्व में हुए राजस्व सर्वेक्षण में भारी त्रुटि हो गई है जिससे राजस्व संबंधी विवाद गांव में बढ़ गया है।

सोमवार को ग्राम पंचायत चंद्रसूर की सरपंच तुलसीबाई सहित कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि पूर्व में किए गए राजस्व सर्वेक्षण कार्य में बहुत त्रुटि है जिसके कारण गांव के किसान आपस में एक दूसरे की जमीन को अपने नाम पर है, कहकर विवाद कर रहे हैं। वहीं राजस्व संबंधी विवाद गांव में बढ़ते जा रहा है।

ग्रामीण टीकूराम साहू, गोवर्धन, नकछेडूराम, डेरहाराम, राजकुमार, सीताराम, कुंजलाल साहू का कहना है कि चंद्रसूर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. सुंदरलाल शर्मा की जन्म एवं कर्मभूमि है जिनके कारण चंद्रसूर को गौरव ग्राम के नाम से जाना जाता है। राजस्व सर्वेक्षण में भारी त्रुटि होने से गौरव ग्राम विवादित ग्राम बन गया है।

ग्रामवासियों ने बताया कि ग्रामीण राजस्व सर्वेक्षण के लिए कलेक्टर और तहसीलदार को तीन बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कलेक्टर से राजस्व सर्वेक्षण कराने की गुहार लगाई है।

### महानदी पर तटबंध बनाने की जरुरत

चंद्रसूर के ग्रामीणों ने कलेक्टर को एक अन्य मांग का लिखित आवेदन किया है जिसमें कहा गया है कि चंद्रसूर महानदी के तट पर बसा हुआ है। महानदी में बाढ़ आने से गांव के खेत पानी में डूब जाते हैं। फसल नुकसान के साथ खेत रेत से पट जाता है। महानदी के कुछ हिस्सों पर तटबंध बनाया गया है जो अधूरा है। पूरा तटबंध बनने पर ही गंभीर समस्या से बचाव हो सकता है। ग्रामीणों ने खेतों को बाढ़ से बचाने महानदी किनारे तटबंध बनाने की मांग की है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### दुष्कर्म के आरोपी को जेल की सलाखों में भेजा

**कांकेर।** बांदे थाना में 11 नवंबर को शिकायत करने पहुंची पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि वह 9 नवंबर को खेत में काम करने गई थी। उसकी नाबालिग बेटी घर में अकेली थी, जिसे आरोपी अनुज साधु द्वारा नाबालिग है जानते हुए भी दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64 (1), 65 (1) बीएनएस संहिता 4 पॉक्सो एक्ट दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भानुप्रतापपुर-पखांजुर पेश किया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को जिला जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है।

### पेट्रोल मांगने की बात पर युवक ने कर दी पिटाई

**कांकेर।** पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंची पीव्ही 8 चाण्क्यपुरी निवासी संजिता राय पति स्व. अनाथ बन्धु राय ने पुलिस को बताया कि 8 नवंबर को शाम करीबन साढ़े 5 बजे आरोपी पीव्ही 8 निवासी 55 वर्षीय संजित मण्डल पिता देवेन्द्र मण्डल हमारे घर के सामने आकर बोला कि पेट्रोल कितने रूपए में देते हो। तब वह बोली की मुझे मालूम नहीं, बेटा को पूछने पर दूंगी। आरोपी ने मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और मेरे दांए हाथ में जोर से मारा और वहां से चला गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**पहल : जन्मदिन पर अधिवक्ता लांबा ने अजय फाउंडेशन को 50 धार्मिक पुस्तकें दान की**

# शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं : सूरज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



नगर के प्रतिष्ठित वकील सूरज लांबा ने अपने जन्मदिन पर श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित विचार क्रान्ति अभियान, प्रज्ञा अभियान और जीवनदर्शन जैसे जीवन दर्शन पर आधारित 50 पुस्तकें अजय एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन को दान की। ये पुस्तकें फाउंडेशन की लाइब्रेरी में रखी गई हैं, ताकि यहां आने वाले छात्र-छात्राओं को न केवल शैक्षिक सामग्री मिल सके बल्कि वे जीवन के गहरे पहलुओं को भी समझ सकें।

इस मौके पर अधिवक्ता लांबा ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं है, बल्कि यह हमें जीवन को सही दृष्टिकोण से देखने और समझने का अवसर देती है। जीवन दर्शन की ये किताबें बच्चों को न केवल ज्ञान देंगी, बल्कि उन्हें जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य अनिल चंद्राकर, सुरेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक बैस, सचिव इमरान बेग, कोषाध्यक्ष मलय चंद्राकर, लक्ष्मीकांत साहू, ,शुभम बैस, जागेश्वर नेताम, भारत भूषण पंचायन और सूरज लंबा की पत्नी उपस्थित थी। सभी ने कहा कि यह कदम शिक्षा और समाज दोनों के उत्थान के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

### सकारात्मक सोच को मिलेगा बढ़ावा

बता दें कि फाउंडेशन में लगभग 50 से 60 छात्र प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए आते हैं। इन छात्रों के लिए यह पुस्तक दान एक महत्वपूर्ण पहल है जो न सिर्फ उनकी मानसिक और बौद्धिक क्षमता को सशक्त बनाएगा, बल्कि उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए जरूरी दिशा भी प्रदान करेगा। जीवन दर्शन, व्यक्तित्व विकास और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाली ये किताबें छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकती हैं। इस आयोजन के जरिए यह संदेश दिया गया कि शिक्षा का असली उद्देश्य जीवन को समझना और उसे बेहतर तरीके से जीना है, न कि केवल अकादमिक सफलता तक सीमित रहना। फाउंडेशन की लाइब्रेरी में इस दान के बाद छात्रों को अब और अधिक मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे उनकी परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए भी उन्हें मानसिक सशक्तता प्राप्त होगी।

# दोस्ती की मिसाल : 1963 बैच के स्कूली दोस्तों ने किया दीपावली मिलन

- पुरानी यादें ताजा कर अपनी दोस्ती की ताकत को फिर किया मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



आज जब दोस्ती का मतलब सोशल मीडिया पर फॉलो और लाइक से सीमित हो गया है, वहीं कुरुद के चर्रा गांव में रविवार को 1963 बैच के स्कूल दोस्तों ने सच्ची दोस्ती का उदाहरण पेश किया। इन दोस्तों ने हाल ही में मिलकर दीपावली पर्व मनाया और पुराने दिनों की यादों को ताजा करते हुए अपनी दोस्ती की ताकत को फिर से महसूस किया।

यह विशेष आयोजन कुरुद प्रेस क्लब के संरक्षक कृपाराम यादव के निवास पर किया गया था। इस समारोह में विभिन्न पेशेवर क्षेत्र से जुड़े, शिक्षक, पत्रकार, ग्रामसेवक और व्यापारी जैसे लोग शामिल हुए, जो 61 साल से एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। यह आयोजन न केवल दीप जलाने का था, बल्कि इन दोस्तों ने एक-दूसरे के साथ अपने दिलों की रोशनी भी साझा की। समारोह में पुरानी यादों का जश्न मनाते हुए हंसी-मजाक और भावुक लम्हों का दौर चला। हर एक व्यक्ति ने अपनी जिंदगी में दोस्ती की अहमियत को महसूस किया और पुराने समय को याद किया। इस पल ने उनके रिश्ते की गहरी मजबूती और सच्चाई को फिर से उजागर किया।

### पुरानी यादें और भावनाओं का आदान-प्रदान

समारोह के दौरान पुराने समय की तस्वीरें दिखाई गईं, जिससे हर व्यक्ति की आंखों में खुशी के आंसू थे। यह तस्वीरें उन दिनों की याद दिला रही थीं जब ये दोस्त एक साथ पढ़ाई करते थे, खेलते थे और जीवन के हर उतार-चढ़ाव का सामना करते थे। इन लम्हों ने यह साबित किया कि सच्ची दोस्ती न केवल समय के साथ मजबूत होती है, बल्कि यह जीवन के हर मोड़ पर हमें संबल देती है। इस खुशनुमा आयोजन में मनहरण बैस, इंद्रमण साहू, रिपुसूदन यदु, खेमलाल साहू, राम अवतार चंद्रवंशी, युगल किशोर अग्रवाल, सूदन साहू सहित मित्र मंडली के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### प्रत्येक दिवाली पर दोस्ती का उत्सव मनाते हैं

कृपाराम यादव ने कहा कि यह आयोजन हमारे लिए एक खास पल है। यह सिर्फ दीपावली का पर्व नहीं, बल्कि हमारी दोस्ती का उत्सव है जिसे हम प्रतिवर्ष मनाते आ रहे हैं। हमारी दोस्ती ने हमें सिखाया है कि रिश्ते हमेशा संजीवनी नहीं होते, लेकिन जब दिल से निभाये जाते हैं, तो ये हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह का आयोजन आज के युवाओं को दोस्ती का असली मतलब समझाने का बेहतरीन तरीका है।

### समझ और सम्मान के साथ हमारे रिश्ते मजबूत हैं

प्रेमलाल साहू ने कहा कि हमारी दोस्ती की सबसे खूबसूरत बात यह है कि हमारी रुचि अलग-अलग है, लेकिन फिर भी हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से समझते हैं। उनकी यह बात यह दर्शाती है कि दोस्ती के लिए जरूरी नहीं कि हम एक जैसे हों, बल्कि समझ और सम्मान के साथ रिश्ते मजबूत होते हैं। अधिवक्ता एलपी गोस्वामी ने कहा कि दोस्ती केवल सोशल मीडिया पर लाइक और कमेंट्स तक सीमित नहीं होती। सच्ची दोस्ती वह होती है जो समय के साथ और भी मजबूत होती जाती है।

# समाज के विकास के लिए एकजुटता जरूरी



- सतनामी समाज की जिला कार्यकारिणी की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

सतनामी समाज जिला धमतरी कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक छाती के सतनाम भवन में आयोजित की गई। बैठक में सतनामी समाज जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे के विगत छह माह के कार्यकाल की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि श्री देशलहरे अपने पद के अनुरूप कार्य करने में सफल रहे हैं। इन छह महीने के कार्यकाल में उन्होंने धमतरी से लेकर प्रदेश स्तर पर जिला सतनामी समाज का मान बढ़ाया है।

बैठक में भुवनलाल गायकवाड़, रमेश लहरे, सुरेंद्र कुर्रे, दीपचंद भारती, रामेश्वर कोसरे, विजय सोनवानी, डीपी जोशी, मणिकांत जोशी, राजेंद्र भारती, प्रवीण कोसरे, विजय गायकवाड़, गंगाराम देशलहरा, सोनुराम ढीढी, नवीन कुमार मारकंडे, प्रीतम टंडन उपस्थित थे। कोषाध्यक्ष दीपचंद भारती ने कहा कि पिछले छह माह में श्री लहरे द्वारा किए गए कार्य प्रशंसनीय है। उन्होंने जिलाध्यक्ष को कुछ विषयों पर और भी बेहतर करने के सुझाव दिए। सलाहकार डॉ. सुरेंद्र कुर्रे ने कहा कि जिला में राऊटी प्रथा को पुनर्जीवित किया है। जिसका परिणाम है कि आज सतनामी समाज एकता के सूत्र में बंधा है।

गुरु बालकदास के वीर अंगरक्षक सरहा जोधाई की जयंती जिले में पहली बार मनाई गई। जिलाध्यक्ष श्री देशलहरे के नेतृत्व में ग्राम कोपेडीह, रामपुर में नशा उन्मूलन कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री देशलहरे ने इसका श्रेय समाज को दिया। यदि जिला कार्यकारिणी उन्हें सहयोग नहीं करती तो इन कामों में सफलता नहीं मिलती।

# ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग

- नारी के साहू समाज ने एसपी आफिस, कलेक्टोरेट में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्रामीण विकास समिति नारी के अध्यक्ष एवं साहू समाज के पूर्व सचिव की संदिग्ध मौत की निष्पक्ष जांच को लेकर साहू समाज ने एसपी आफिस, कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। सोमवार को नारी से पहुंचे समाजिकगणों ने जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वर्तमान ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष एवं साहू समाज के पूर्व सचिव ननकूराम साहू का आकस्मिक निधन 17 सितंबर की रात को संदेहास्पद रूप से हुआ है। पुलिस को मौके से बहुत सारे साक्ष्य मिले हैं। इसे पुलिस कब्जे में लेकर जांच पड़ताल के लिए ले गई। घटना को दो माह बीतने के बाद भी पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

पीड़ित परिवार उचित कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन से बार-बार गुहार लगा रहा है। उचित कार्रवाई नहीं होने से अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। इससे पीड़ित परिवार एवं विभिन्न क्षेत्र में पदस्थ सामाजिक एवं ग्रामीण पदाधिकारी दहशत में हैं। साहू समाज ने सामाजिक बंधु की संदेहास्पद मौत की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच अतिशीघ्र करने की मांग करते हुए कहा है कि उचित कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीण साहू समाज नारी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन - प्रशासन की होगी।

# शिवसेना ने 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



- मांगें पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला धमतरी ने राष्ट्रीय एवं स्थानीय समस्या को लेकर 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है। सोमवार को शिवसेना ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने, देश में सामान्य नागरिक संहिता लागू करने, नागरिक संशोधन अधिनियम लागू करने, धर्मांतरण पर रोक, धर्मांतरित लोगों को आरक्षण मुक्त करने, रोहिग्यां मुसलमानों की घुसपैठ पर रोक, गौठानों को गौशाला बनाकर कलेक्टर दर पर 4 व्यक्तियों की नियुक्ति, घुमंतु पशुओं का संरक्षण, अवैध प्लाटिंग पर रोक, भ्रष्टाचार पर नकेल, गौ तस्करी पर हत्या का मामला दर्ज करने, मेघा पुल निर्माण, गांजा, टेबलेट, अवैध शराब पर प्रतिबंध, आपराधिक घटनाओं पर अंकुश, जुआ-सट्टा पर रोक, प्रतिबंधित गुटखा जर्दा पर रोक, अवैध रेत खनन एवं चैन मशीन पर रोक, राशन दुकानों में होने वाले अनाज दलालों पर कार्रवाई, चिटफंड कंपनी में फंसी निवेशकों की जमा राशि दिलाई जाए। शिवसेना ने 15 दिन के अंदर मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष कृष्णा जगताप, धर्मेंद्र कौर, संतोष वर्मा, मुकेश पटेल, राजेश सारथी, सोहन ठाकुर, शिवा बाजपेयी समेत अन्य शिव सैनिक मौजूद थे।

### पीजी कालेज के स्वयंसेवकों ने निकाली प्रभातफेरी

**धमतरी।** बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो के कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर मथुराडीह आयोजित है। तृतीय दिवस सुबह 6 बजे प्रभातफेरी निकाली गई। महारपारा से होते हुए गोंडपारा, कुआंपारा और स्कूलपारा से पुनः शिविर स्थल पहुंची। स्वयंसेवकों को व्यायाम, योग व जुंबा डांस करवाया गया। बौद्धिक परिचर्चा के प्रथम सत्र में मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सक डॉ प्रीति चाण्डक ने मानसिक मरीजों की स्थितियों, मानसिक तनाव के कारणों से अवगत कराया। कहा कि हमारा मन एक बैलून की तरह होता है जिसमें लगातार हवा भरने से एक समय बाद वह फट जाता है। उसी प्रकार अनेक प्रकार के कार्यों का बोझ बढ़ने से हमारा मन तनाव में आ जाता है और मानसिक समस्याएं उत्पन्न होती है। प्रो. कोमल प्रसाद यादव ने कानूनों को संचालित करने के लिए संविधान के गठन की आवश्यकता, उसमें उल्लेखित धाराओं की जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने साक्षरता के स्तर का सर्वेक्षण कर पालकों से अपने बच्चों को डिजिटली शिक्षित करने की अपील की। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।



# रासेयो शिविर में आग से बचने के उपाय बताए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सलोनी में संचालित हो रहा है। प्रभात फेरी के माध्यम से गली भ्रमण जन जागरूकता का कार्यक्रम किया जाता है वही योग, जुंबा एवं पीटी से शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दिया जाता है। बौद्धिक परिचर्चा में स्वयंसेवकों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास पर बल दिया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में अग्निशमन दल को आगजनी घटनाओं पर जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया था। सितेश पवार एवं उनकी टीम ने अग्नि सुरक्षा संबंधी उपकरणों से सभी स्वयंसेवकों को परिचित कराया। अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी देने के साथ स्वयंसेवकों को फायर डेमोंसट्रेशन भी दिया गया। स्वयंसेवकों को जल से आग बुझाने के लिए फायर पाइप द्वारा लंबी दूरी तक जल का छिड़काव करके आग बुझाने से संबंधित डेमो प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच नरेश दीवान ने कहा कि वर्तमान में आगजनी की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है। इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों को लाभ होगा। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. रविश दास ने कहा कि आग पर काबू तभी पाया जा सकता है जब आग की प्रवृत्ति को समझा जा सके। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक युवराज तारक ने किया। मौके पर टिकेंद्र वर्मा, मानू नारायण सारथी, डॉ संगीता गोयल, सुश्री दीक्षा सोम, सुश्री सविता लहरे मौजूद थे। विषय विशेषज्ञों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ देकर सम्मानित किया गया।

**कलेक्टर एवं एसपी ने ली कानून व्यवस्था को दुरूस्त रखने अधिकारियों की बैठक**

# अधिकारी आपसी समन्वय से सूचना तंत्र को करें मजबूत





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आगामी 14 नवम्बर से प्रदेश सहित जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, नगरीय निकाय, त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन सहित जिले में अतिक्रमण, असंवैधानिक गतिविधियों, ओव्हरलोडिंग, अवैध रेत उत्खनन सहित विभिन्न गतिविधियां पर निगाह रखने और जिले में कानून व्यवस्था दुरूस्त बनाए रखने के संबंध में कलेक्टर नम्रता गांधी एवं पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक ली।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत बैठक में उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को जिले के संवेदनशील धान खरीदी केन्द्र का चिन्हांकन कर नियमित पेट्रोलिंग करने तथा आपसी समन्वय बनाकर बाहरी राज्यों से धान नहीं आने पाए, यह सुनिश्चित करने कहा। जिले की सीमाओं पर सतर्कतापूर्वक निगाह रखने के निर्देश दिए।

### अधिकारी अतिक्रमण, अवैध खनन को गंभीरता से लें

जिले में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी आपसी समन्वय से कानून व्यवस्था बनाते हुए सतर्कता से कार्य करें। उन्होंने इसके लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, तहसीलदार और थानेदारों को संयुक्त रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने अब तक अधिकारियों द्वारा किए गए बेहतर प्रदर्शन की सराहना की और संवाद कर सूचना तंत्र को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अधिकारी अतिक्रमण, अवैध खनन, हाथी प्रभावित क्षेत्र जैसे विषयों पर गंभीर एवं सतर्क रहें। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एडिशनल एसपी मणिशंकर चन्द्रा सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### अनुविभागवार लॉ एंड ऑर्डर की समस्याओं की जानकारी ली

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजगता एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। कलेक्टर ने अनुविभागवार लॉ एंड ऑर्डर की समस्याओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत रहने कहा। साथ ही लॉ एंड आर्डर की समस्या उत्पन्न करने वाले विवादों के कारणों का पता कर समस्याओं का तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील मामलों में नजर रखकर त्वरित कार्रवाई करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन को आपसी समन्वय बनाकर रखने तथा सूचनाओं का आदान-प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। सभी अधिकारी टीम के रूप में एक-दूसरे को सहयोग करेंगे तभी समस्याओं का सुचारू समाधान होगा।

### असंवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण जरूरी

पुलिस अधीक्षक ने जिले में हो रही विभिन्न गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने एवं सामाजिक समरसता के लिए कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि केशकाल घाटी में मरम्मत कार्य चल रहा है, जिसकी वजह से घाटी से गुजरने वाले वाहन धमतरी जिले से होते हुए गुजर रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वाहनों पर नियमित निगाह रखने, आवागमन सुव्यवस्थित रखने और दुर्घटना ना घटे इसके लिए सतर्क रहने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी तरह की असंवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण लगाना सभी अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी है। इसके अलावा सभी एसडीएम, एसडीओपी तथा तहसीलदार और थाना प्रभारी को समस्याओं पर चर्चा करने कहा, जिससे किसी भी घटना एवं चुनौती का सामना करने में आसानी हो।

### ऑपरेटरों ने कलेक्टर दर पर मांगा वेतन

**अंवरी।** ग्राम पंचायत कंप्यूटर कुरुद ब्लाक ऑपरेटर संघ की बैठक 12 नवंबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे समरसता भवन अंवरी में हुई। संघ ने कलेक्टर दर पर वेतन दिलाने एवं स्थायीकरण करने प्रस्ताव पारित कर शासन-प्रशासन को आवेदन पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया। बैठक में प्रांताध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत ब्लाक के समस्त ग्राम पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

### निधन

### ओमप्रकाश त्रिपाठी



**धमतरी।** रूद्री निवासी ओमप्रकाश त्रिपाठी (थाना प्रभारी नारायणपुर) उम्र लगभग 35 वर्ष का शनिवार सुबह निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। वे ज्योतिषाचार्य पं. शिवप्रसाद त्रिपाठी के पुत्र थे। अंतिम संस्कार रूद्री महानदी किनारे किया गया।

## खबर संक्षेप



### वॉक इन इंटरव्यू 26 को

**धमतरी।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी धमतरी में योग्य व अनुभवी अंशकालीन, पूर्णतः अस्थायी प्रशिक्षक का चयन किया जाना है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि इसके लिए 26 नवम्बर को सुबह 10 बजे से वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में किया जाएगा।

### अध्यक्ष रामदास व सचिव अमृतदास बनाए गए



**धमतरी।** रविवार को ग्राम खपरी में जिला कोसरिया पनिका समाज की बैठक हुई जिसमें सामाजिक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस अवसर पर कोसरिया मानिकपुरी समाज के सदस्यों का निर्वाचन हुआ। जिला सलाहकर सुरेशदास मानिकपुर ने बताया कि संरक्षक जीवनदास, रोहितदास, अध्यक्ष रामदास, उपाध्यक्ष अमोलदास, कोषाध्यक्ष धरमदास, सचिव अमृतदास का सर्वसम्मति से चयन किया गया। सहसचिव भूपेंद्रदास, मीडिया प्रभारी शेखरदास को बनाया गया है।

- कोसरिया पनिका समाज के पदाधिकारियों का हुआ चुनाव

### शिविरार्थियों ने सुआ नृत्य की दी प्रस्तुति



**धमतरी।** बीसीएस पीजी कॉलेज की रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मथुराडीह में आयोजित है। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम सरपंच परमेश्वर देवांगन के मुख्य आतिथ्य में किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम ने ग्राम में सात दिनों में शिविरार्थी स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। जिला संगठक प्रो. निरंजन कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि यह शिविर आप सब के सहयोग के बिना असंभव था। ग्राम प्रमुख जोहित नेताम ने कहा कि जिस तरह स्वयंसेवकों ने पूरे सात दिन ग्राम की सफाई, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साक्षरता, नशा मुक्ति जागरुकता की जो मुहिम छेड़ी है, उसे ग्रामवासी बरकरार रखेंगे। शिविरार्थियों ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सुआ नृत्य, स्वागत डांस, संबलपुरी नृत्य, छत्तीसगढ़ी रीमिक्स सॉन्ग, गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल जैसे सॉन्ग पर, बेटी-बचाओ थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक, डिजिटल साक्षरता नुक्कड़ नाटक, बिट बॉक्सिंग पर प्रस्तुति दी। रात्रि में कैंप फायर किया गया।

### अंवरी में मनाया गया गोपाष्टमी पर्व, महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

# गौमाता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास : रमेश







हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

छग झेरिया यादव समाज अंवरी मंडल के तत्वावधान में ग्राम अंवरी में गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गयस। इस अवसर पर पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर पूरे गांव का भ्रमण किया। राऊत नाचा सिंगदेही, महिला राऊत नाचा सौंगा की प्रस्तुति हुई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष झेरिया यादव समाज रमेश यादव ने कहा कि गाय को हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण माना गया है। गाय को माता का दर्जा दिया गया है। गाय माता की सेवा करने से हर मनोकामना पूरी होती है। मृत्यु के बाद गौलोक में स्थान भी मिलता है। परिवार में सुख शांति बनी रहती है। जीवन में कोई संकट भी नहीं आता। मान्यता है कि गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है।

गोपाष्टमी गायों की पूजा को समर्पित और उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रदर्शित करने का त्योहार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन यादव ने की। विशेष अतिथि अवध राम यादव, संतोष यादव, मनोज यादव, भूपेंद्र यादव, चंद्रेश बघेल, लेखराम साहू, नंद कुमार निर्मलकर, भगत यादव, सुनील गायकवाड़, मूलचंद यादव, भुजबल यादव, रामकुमार यादव, राजाराम यादव, सालिकराम यादव, पंचराम यादव, प्रेमलाल यादव, शेखन यादव, जगत राम यादव, चैनराम यादव थे। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए सत्यम नाचा पार्टी तेंदुआ का कार्यक्रम हुआ। गोपाष्टमी पर्व पर लवकुश अखाड़ा दल ग्राम जमराव का अखाड़ा भी हुआ जिसमें युवाओं की टीम ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। कोई साइकल को दांतों से उठाकर घुमाता दिखा। कोई पानी से भरी कुंडी को दांतों से उठा कर सीढ़ी पर चढ़ गया। कोई कील के ऊपर सोकर अपने ऊपर अपने साथी को चढ़ाकर करतब दिखाता रहा।

# पटाखा दुकानों में विस्फोटक अधिनियम की उड़ाई जा रही धज्जियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

दीपावली पर्व पर नगर के हाईस्कूल मैदान में 35 अस्थाई पटाखा दुकानें लगाई गई थीं। देवउठनी पर्व पर व्यापारियों द्वारा रोड किनारे पटाखा दुकान सजाई गई थी। आसपास कुछ होटल भी है। कुछ व्यापारियों द्वारा नियम का कोई पालन नहीं किया जा रहा। बिना सुरक्षा के पटाखा दुकान लगाई गई है। व्यापारियों द्वारा विस्फोटक अधिनियम और शासन की गाइडलाइन का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। देवउठनी पर्व पर रोड में पटाखा दुकान सजी थी। पटाखों के अवैध भंडारण व स्थानीय प्रशासन और पुलिस की अनदेखी पर सवाल उठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नगरी सिहावा क्षेत्र के गांवों में नियम विरुद्ध किराना दुकानों के साथ ही हाट बाजार में पटाखा दुकान का करोबार किया जाता है।

## करेठा में सहस्त्रबाहु अर्जुन की मूर्ति स्थापित



**धमतरी।** ग्राम करेठा में सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती पर उनकी मूर्ति की स्थापना विधि-विधान से की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रहास सिन्हा, सचिव गणराज सिन्हा, धमतरी मंडलेश्वर संतोष सिन्हा, सचिव देवकरण गजेंद्र, कोषाध्यक्ष हेमशंकर सिन्हा, सोहन सिन्हा, रामसेवक सिन्हा,प्रसादी सिन्हा, रामजी सिन्हा, श्रीमती संजू कुमारी प्रांतीय कोषाध्यक्ष, परमेश्वरी सिन्हा जिला अध्यक्ष महिला मंच, सचिव नंदनी सिन्हा, सुलोचना सिन्हा कोषाध्यक्ष, युवा मंच अध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा, जानकी सिन्हा, भारती सिन्हा, दयाराम सिन्हा, , आत्माराम सिन्हा, मलेश सिन्हा, डेरहराम, रामचरण सिन्हा, चैतराम सिन्हा उपस्थित थे।

## मोक्ष प्राप्ति का सबसे बड़ा मार्ग गौसेवा : ठाकुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गोपाष्टमी पर्व पर समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर, डाकेश्वर साहू, उमेश साहू डांगीमाचा गौशाला पहुंचे। उन्होंने गौशाला के मनमोहक और पवित्र वातावरण का आनंद लिया और माता से आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि गौशाला में लगभग 450 गौमाता की प्रतिदिन सेवा गोदावरी और उनके सहयोगियों द्वारा की जा रही है। समाजसेवी श्री ठाकुर ने गौ सेवक वेदप्रकाश को गौशाला में सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए आग्रह किया और उन्हें आश्वस्त किया जब भी उनकी आवश्यकता होगी वे उनके लिए सौभाग्य की बात होगी। श्री ठाकुर ने आगे कहा कि गौमाता की सेवा का अर्थ 36 कोटि देवी-देवताओं की सेवा के बराबर होता है। गौमाता के आशीर्वाद से ही समूची सृष्टि का संतुलन बना हुआ है। गरुड़ पुराण में गौ सेवा का महत्व बताया गया है। मोक्ष प्राप्ति का सबसे बड़ा मार्ग भी गौ सेवा है।

# उपचुनाव में रायपुर दक्षिण की जनता बदलाव के मूड में : नीशु

- जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने अपने प्रभार क्षेत्र में किया डोर टू डोर जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं धमतरी विधायक ओंकार साहू की उपस्थिति में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने अपने प्रभार क्षेत्र के बूढ़ेश्वर मंदिर, पुरानी बस्ती, थाना चौक, लिली चौक, लाखेनगर चौक में डोर टू डोर जनसम्पर्क कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की।

इस अवसर पर श्री चंद्राकर ने कहा कि दक्षिण उपचुनाव के लिए 13 तारीख को वोटिंग होगी। इस बार रायपुर दक्षिण विधानसभा को नया विधायक मिलेगा। क्योंकि 34 साल से एक ही विधायक जीतता रहा और कुछ काम नहीं हुआ। लेकिन जनता अब बदलाव चाहती है। इस बार बदलाव की लहर चल चुकी है और इस बदलाव की लहर को दुनिया की ताकत नहीं रोक सकती।

उन्होंने आगे कहा कि 10 महीने की इस सरकार में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है। रायपुर में दिनदहाड़े गोली चलती है। आम जनता का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस छत्तीसगढ़ केशव चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महंत लक्ष्मी नारायणदास रायपुर, सचिन शर्मा, संजय नेताम, सुमन साहू, मनोज साक्षी, विकास जैन, नागेन्द्र वोरा, ममता राय, आशा चौहान, गंगा, अविनाश सिरके, राजू नायक, जयेश तिवारी, राजेश साहू, चंद्रहास साहू, डॉ. गिरीश साहू, राजेन्द्र साहू, राहुल बख्तानी, जेपी कुशवाहा, दिलीप धीवर, गोलू कुशवाहा, शिव चंद्राकार, हित्तू गंगवीर, भूषण पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

### लेडीज क्लब ने आंवला नवमी पर्व मनाया

# आंवला वृक्ष पूजन का आध्यात्मिक, पौराणिक महत्व बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आंवला नवमी पर लेडीज क्लब धमतरी के तत्वावधान में स्थानीय रामदेव मंदिर प्रांगण में पूजन, प्रसादी वितरण तथा मनोरंजक गेम्स का आयोजन किया गया। मंदिर की पुजारिन श्रीमती पांडे ने पूजा करवाई। श्रीमती लीला शर्मा ने आंवला नवमी के महत्व का वाचन किया। श्रीमती उषा गुप्ता ने आंवला नवमी के पर्व को भारतीय संस्कृति का अनूठा पर्व बताया। श्रद्धा कश्यप ने आंवला वृक्ष के महत्व को न केवल धार्मिक बल्कि औषधि ,आरोग्यवर्धक बताते हुए बहुउपयोगी बताया। कामिनी कौशिक ने कहा कि लेडीज क्लब ने सदैव पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने आंवला वृक्ष पूजन के आध्यात्मिक, पौराणिक और वैज्ञानिक उपयोगिता का वर्णन किया। ज्योति गुप्ता ने आंवला नवमी के पूजन की अवधारणा को बताते हुए कहा कि आज के दिन आंवला वृक्ष का पूजन कर हम अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हैं। इस अवसर पर माधवी शर्मा, लीला शर्मा, काजल सिन्हा , साधना साहू, हरजीत कौर अजमानी, देविका साहू ,गायत्री साहू ,पूनम सिंह, चंदा शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस आयोजन में कामिनी कौशिक का विशिष्ट सम्मान किया गया। विगत दिनों हुई सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता के प्रतिभागियों काजल सिन्हा, गायत्री साहू, माधवी शर्मा ,श्रद्धा कश्यप को पुरस्कार प्रदान किया गया। मनोरंजक गेम्स में प्रथम ओम कश्यप, द्वितीय श्रद्धा कश्यप, तृतीय हरजीत कौर अजमानी रहे। कार्यक्रम में ज्योति गुप्ता, खुशी चंद्राकर, श्रीमती मीना प्रियंका पांडे , भावना समेत अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन उषा गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवाप्रिय कार्यक्रम में हुआ सम्मान



धमतरी। प्रवर अध्यात्म योगी महेंद्र सागर, युवा मनीषी मनीष सागर महाराज साहेब के शिष्य रत्न विशुद्ध सागर महाराज साहेब आदि ठाणा 3 के पावन निश्रा में सेवा प्रिय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन, दो वरिष्ठ चिकित्सक, पत्रकार, सजावट सहयोगी, वादक, फोटोग्राफर एवं विहार सेवा सहयोगियों का सम्मान किया गया। आज संघ प्रिय सम्मान का आयोजन किया जाएगा जिसमें समाज के लोगों का सम्मान किया जाएगा जिनका चातुर्मास काल के दौरान सहयोग मिला। 13 नवंबर को चातुर्मास के समापन पर गुरु भगवन्तों का विदाई कार्यक्रम होगा।

### ईसीसीई से होगा बच्चों का संपूर्ण विकास



धमतरी। अंबेडकर वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल को बढ़ावा देना था, जिसमें बच्चों के संपूर्ण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि अंबेडकर वार्ड पार्षद राजेंद्र शर्मा और रामसागर पारा वार्ड पार्षद श्याम साहू थे। उन्होंने ईसीसीई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों की शिक्षा और उनके प्रारंभिक जीवन में सही देखभाल के महत्त्व को रेखांकित किया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित अन्य कर्मियों और समुदाय के सदस्यों ने भी बच्चों के विकास और शिक्षा में सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई जिससे उनकी सीखने की क्षमता को प्रोत्साहन मिला।

### सड़क संघर्ष समिति ने निर्माण कार्य रुकवाया



धमतरी। ग्राम सारंगपुरी में सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं यहां के ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में स्टीमेट के अनुसार काम न होने का आरोप लगाते हुए काम को रुकवा दिया। इनका कहना है कि निर्माण कार्य में लीपापोती करने का प्रयास किया जा रहा है। आज सड़क संघर्ष समिति द्वारा कलेक्ट्रेट एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को विज्ञापन सौंपकर रोड को गुणवत्तापूर्ण बनाने की मांग की जायेगी। विरोध दर्ज करने वालों में सड़क संघर्ष समिति के संरक्षक दयाराम साहू, संयोजक हिरेंद्र साहू, कैलाश साहू, गीतेश्वरी निरंजन साहू, दर्री सरपंच पदमा, प्रीतम सोनकर, सरपंच सारंगपुरी मीनेश राजकुमार ध्रुव, धनसिंह दीवान, कंसराम, तुकाराम दीवान, गोपेश यादव, द्वारिका गावस्कर, जितेंद्र, तुमेश निषाद, अंजोर साहू, रतन ढीमर, दुकालू राम साहू, ढेलूराम ध्रुव, रामकुमार यादव शामिल हैं।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गाड़ाडीह आर में भागवत महापुराण 14 से



**धमतरी।** कुरुद ब्लाक के ग्राम गाड़ाडीह आर में गजेंद्र परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक युगल कृष्ण महाराज उमरिया बेमेतरा हैं। 14 नवंबर को गौकर्ण महात्म्य, वेदी पूजन के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। 15 को परीक्षित जन्म के साथ भागवत कथा प्रारंभ होगी। 16 को भक्त ध्रुव चरित्र, 17 को प्रहलाद चरित्र, 18 नवंबर को वामन अवतार, श्री राम जन्मोत्सव, श्री कृष्ण जन्मोत्सव 19 को नंद महोत्सव, माखन चोरी लीला, गोवर्धन पूजा, 20 को रास प्रसंग, रुक्मणी, मंगल कथा, 21 को सुदामा चरित्र, कथासार, चढ़ौत्री, शोभायात्रा निकाली जाएगी। 22 नवंबर को गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा स्नान के साथ कथा का समापन होगा। आयोजक परिवार रेवती गजेंद्र, पुखराज गजेंद्र ने लोगों से धर्म लाभ लेने की अपील की है। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी।

### क्षेत्र का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता : ओंकार



**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने ग्राम पंचायत डोमा में सीसी रोड निर्माण कार्य भूमिपूजन किया। विधायक श्री साहू का ग्रामवासियों ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले जब विधायक क्षेत्रीय दौरे पर आये थे तब गांववालों ने धरम साहू घर से ननेश घर तक कीचड़ युक्त मार्ग की समस्या से उन्हें अवगत कराया था। विधायक ने इसे गंभीरता से लेते हुए सीसी रोड निर्माण के लिए विधायक निधि से 5 लाख रूपए स्वीकृत किए। 12 नवबंर को भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि धमतरी विधानसभा क्षेत्र का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र के सभी गांव व धमतरी के सभी वार्डों में विकास हो। आगे कहा कि स्वच्छता के लिए हम सभी को नैतिक जिम्मेदारी निभानी होगी। यदि हम स्वच्छ रहेंगे तो हमारा मोहल्ला और शहर स्वच्छ रहेगा। मौके पर दयालाल साहू पूर्व जिपं सदस्य, लक्ष्मीनारायण बंजारे सरपंच, मुकेश साहू विधायक प्रतिनिधि डोमा, धरम साहू, रंजीत साहू, यशवंत साहू, कुंजलाल साहू, विनोद साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

पर्व : अंचल में देवउठनी एकादशी की रही धूम, आज से शुभ कार्य होंगे प्रारंभ

# गन्ने का मंडप सजाकर तुलसी व शालिग्राम का रचाया विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







अंचल में मंगलवार को देवउठनी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। परम्परागत ढंग से इस दिन माता तुलसी व भगवान शालिग्राम का विवाह रचाकर आशीर्वाद लिया गया। शाम को गन्ने का मंडप सजाकर विवाह की सभी रस्म निभाई गई। विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद भक्तों ने व्रत खोला। प्रसादी वितरण किया। मान्यता है कि जिस घर में तुलसी विवाह संपन्न होता है, वहां भगवान विष्णु की विशेष कृपा होती है।

पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि तुलसी विवाह करने से कन्यादान के समान पुण्य फल की प्राप्ति होती है। सभी हिन्दू परिवार को देवउठनी एकादशी पर तुलसी शालिग्राम का विवाह रचाकर पूजा -अर्चना करनी चाहिए। देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु अपने चार माह की योग निद्रा से जागते हैं। इसी दिन से सभी शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं।

पं. सूरज तिवारी ने बताया कि देवोत्थान एकादशी व्रत का फल एक हजार अश्वमेघ यज्ञ और राजसूर्य यज्ञ के बराबर पुण्यफल की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान श्रीहरि और मां लक्ष्मी की विशेष कृपा होती है। श्री हरि को तुलसी चढ़ाने से दस हजार गौदान के बराबर फल मिलता है। दंपत्तियों को संतान की प्राप्ति होती है। विवाह के मुहूर्त खुल जाते हैं।

व्रती परिवार किशोर, गिरीशचंद्र मेहता, नेहा मेहता, ख्याति मेहता, ज्योतिष्वा मेहता, काव्य मेहता, रीता मेहता ने बताया कि उनका परिवार देवउठनी एकादशी हर्षोल्लास से मनाता है। तुलसी चौरा के चारों तरफ गन्ने का मंडप बनाकर तोरण से सजाते हैं। रंगोली से अष्टदल कमल बनाया गया। शंख चक्र, गाय के पदचिन्ह बनाकर तुलसी की पूजा की गई। घी दीप, धूप दिखाकर सिंदूर रोली चंदन व नौ वैद्य चढ़ाया गया। दीपदान कर विवाह की रस्म अदा की गई। आरती पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ।

### बाजार रहा गुलजार

देवउठनी एकादशी पर शहर का बाजार गुलजार रहा। श्रद्धालुओं ने पूजन सामग्री के साथ कीमती धातु, बर्तन, इलेक्ट्रानिक्स, फर्नीचर, वाहन आदि की खरीदारी की। पूजन सामग्री में फूल, भगवान की तस्वीर, चौकी, कपड़ा, धूप, दीप, चंदन, हल्दी, सिंदूर, घी, पान, सुपारी, नारियल, अक्षत, शकरकंद, मिष्ठान, गन्ना, सिंघाड़ा, आंवला, सीताफल, मौसमी फल आदि की खूब बिक्री हुई।

### गन्ने का रेट गिरा

शाम को गन्ने का रेट धड़ाम से गिर गया। दो दिन पहले 100 से 150 रुपए जोड़ी बिकने वाला गन्ना 70-80 रुपए में बिका। मध्यम क्वालिटी के गन्ने की जोड़ी 20 से 30 रुपए में बिकी। गन्ना व्यापारी रूपसिंह ने बताया कि वे उत्तरप्रदेश से 8 ट्रक गन्ना ले आये हैं। दो दिन तक रेट अच्छा रहा। शाम को कीमत आधी हो गई। मध्यम क्वालिटी का गन्ना 20 रुपए जोड़ी में बिका।



# नांदेड़ महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार कर रहीं पूर्व विधायक

- महाराष्ट्र की जनता मोदी की गारंटी से भाजपा गठबंधन की सरकार बनाने उत्साहित : रंजना

**धमतरी।** पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने महाराष्ट्र उपचुनाव नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के भाजपा समर्थित महायुति के उम्मीदवार संतुकराव मारोतराव एवं नांदेड़ दक्षिण विधानसभा भाजपा प्रत्याशी आनंद राव पाटिल को विजयश्री दिलाने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा एक ही लक्ष्य है जीत। प्रत्येक बूथ में कार्यकर्ता डोर-टू-डोर सम्पर्क कर मतदाताओं से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बहुजन हिताय कार्यों को पहुंचाएं। जो कहा वह किया यही भाजपा की पहचान है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की विचारधारा से देश की समृद्धि और विकास भाजपा का सिद्धांत है और निरंतर देश हित के कार्य कर रही है। मोदी जी ने अनेक योजनाएं लाई है जिसका लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रहा है। भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ में सक्रियता से कार्य कर रहे हैं जो जीत के आगाज का शुभारंभ है।

# अपनी सुरक्षा स्वयं कैसे करें, गुड बैड टच का डेमो देकर बताया

- रिलायंस नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने सार्थक स्कूल में आयोजित की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



रिलायंस नर्सिंग कॉलेज लिमतरा के छात्र-छात्राओं द्वारा मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के 59 छात्र-छात्राएं सहभागी बने। सार्थक के बच्चों ने स्वागत गीत गाकर कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष साहू एवं मीनाक्षी साहू तथा विद्यार्थियों का स्वागत किया।

रिलायंस के छात्र- छात्राओं ने गुड और बैड टच का डेमो देकर सिखाया कि बच्चों को अपनी सुरक्षा स्वयं कैसे करनी चाहिए। हाथ धोने की विधि बताई। सूर्य नमस्कार, प्राणायाम ताड़ासन आदि योग द्वारा स्वस्थ रहने के तरीकों को बताया और नियमित योग करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। कॉलेज की छात्राओं ने भक्ति गीत, प्रेरणा गीत, छत्तीसगढ़ी नृत्य, सुआ नृत्य से बच्चों का मनोरंजन किया। सार्थक के बच्चों ने योग प्रशिक्षक देविका दीवान के निर्देशन में सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति दी। कुलदीप बंजारे ने एकल डांस प्रस्तुत किया।

कॉलेज के दोनों असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामान्य बच्चों को संभालने में हमें परेशानी होती है पर प्रशिक्षकों के धैर्य, साहस और ट्रेनिंग के फलस्वरूप विशेष बच्चे बहुत बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। सार्थक सचिव स्नेहा राठौड़ ने ऑटिज्म, डाउन सिंड्रोम, सेरेब्रल पाल्सी वाले सार्थक के बच्चों के बारे में जानकारी दी। संस्था को योग और न्यूट्रीशियन का चार्ट भेंट किया। बच्चों को ड्राइंग कॉपी और कलर पेंसिल का उपहार दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, सुनैना गोड़े, सखीना बाघमारे उपस्थित थे।

### रंगोली की झलकियां...



धमतरी। देवउठनी एकादशी पर आकाशगंगा कॉलोनी फेज-2 धमतरी निवासी डॉ. आशीष नायक ने अपने घर आंगन में आकर्षक रंगोली बनाई।



धमतरी। देवउठनी पर कृदत्त कालोनी में रंगोली सजाई गई।

# मोहक प्रस्तुति के लिए लुकेश हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




सुंदर प्रस्तुति से राज्योत्सव का शुभारंभ करने पर लुकेश सिंग ठाकुर को सम्मानित किया गया। पब्लिक डिमांड पर एक के बाद एक उन्होंने 6 भजनों की प्रस्तुति दी। सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने भी ग्रुप का अभिनंदन करते हुए प्रस्तुति की सराहना की।

डॉ शोभाराम देवांगन स्कूल के खेल मैदान में हुए राज्योत्सव 2024 में एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। सबसे पहली प्रस्तुति बालगृह के संगीत शिक्षक लुकेश सिंग ठाकुर की हुई। उन्होंने अपने भजनों से ऐसा समां बांधा कि श्रोता भाव-विभोर हो उठे। राम रमैया जग रखवाले भजन पर तो आंख बंदकर झूमने लगे थे। पूरा माहौल धार्मिक हो उठा। श्री ठाकुर ज्योति म्यूजिकल ग्रुप के सदस्य हैं। म्यूजिकल ग्रुप के मुख्य संरक्षक विजय मिश्रा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि टीम के लिए उपलब्धि है कि उसे पहले क्रम में प्रस्तुति का अवसर दिया गया। उन्होंने बताया कि म्यूजिकल टीम की प्रस्तुति में सिंगर लुकेश ठाकुर के साथ तबला वादक हीरालाल साहू सहित अन्य लोगों का योगदान रहा। उभरते हुए कलाकारों को अवसर मिलने से उनमें उत्साह है। मोहक प्रस्तुति के लिए एडीएम जीआर मरकाम सहित अधिकारियों व जनप्रतिनिधों ने पूरी टीम का सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि लुकेश सिंग ठाकुर प्रतिज्ञा विकास संस्थान द्वारा संचालित बालगृह में म्यूजिक टीचर हैं। वे बालगृह में बच्चों को संगीत की शिक्षा देते हैं।

### मां शारदा बंग महिला समिति ने मनाया दिवाली मिलन



**धमतरी** : मां शारदा बंग महिला समिति ने विवेकानंद कालोनी में दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया।

# रायपुर दक्षिण क्षेत्र में चुनाव प्रचार थमा



- प्रचार के अंतिम दिन जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार थम गया है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बीजेपी-कांग्रेस के दिग्गजों ने ताकत झोंकी। धमतरी जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने अपने प्रभार क्षेत्र मे कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। चुनाव प्रसार के अंतिम दिन श्री चंद्राकर ने स्थानीय एवं प्रभारी वरिष्ठ नेताओं की उपस्थित में प्रोफेसर कालोनी, राधास्वामी नगर, परशुराम नगर, कुकरी पारा, मठपारा, कैलाशपुरी, ब्रम्हपुरी, बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर चौक तक रैली निकाली। इस अवसर पर श्री चंद्राकर ने कहा कि पूरे चुनाव अभियान को कांग्रेस पार्टी ने सकारात्मकता के साथ पूर्ण किया। कांग्रेस की एकजुटता दिख रही है। चुनाव अभियान के दौरान जनता का रुझान साफ दिखा। जनता बदलाव के लिए आतुर है। इस दौरान सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू, वार्ड प्रभारी मनोज कंदोई, सभापति जिपं सुमन साहू, सदस्य जिपं मनोज साक्षी, गंगा सोरी, मो. रियाज, डीहूराम साहू, कुसुमलता साहू, चंद्रहास साहू, राजेश साहू, डॉ.गिरीश साहू, राजेन्द्र साहू, डाकुवर साहू, तोषण साहू, पंकज चंद्राकर, लिली श्रीवास, अभिलाषा पोयाम, विकास जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के दूर-दराज से पहुंचे लोगों की समस्या, शिकायत और मांग संबंधी आवेदनों को बारी-बारी से प्राप्त किया तथा इन प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में स्कूल में बोर खनन, फौती प्रकाशन, आधार नंबर सुधरवाने, त्रुटि सुधार, मुआवजा दिलाने, वार्ड परिसीमन कराने, आबादी जमीन दिलाने, सीसी रोड निर्माण, आर्थिक सहायता प्रदान करने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020


स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
17 दिसंबर 2024
21 दिसंबर 2024
24 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
26 फरवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025
19 फरवरी से 01 मार्च 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग. ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग. सोमनाथ ज्योतिर्लिंग
राशि:-स्लीपर-16500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511